तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 13 मई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



मवेशी मुक्त गौरव पथ पर घूम रहे मवेशी।


## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**


Advt.


## खबर संक्षेप

### तेंदुपत्ता तोड़ते महिला गिरी, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** तखतपुर क्षेत्र के रांधेपुर गांव में तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी महिला अचानक गिर गई, जिसके बाद उसकी कमर टूट गई है। वन विभाग के अधिकारी इस बात से अनभिज्ञता जाहिर कर रहे है लेकिन महिला को उसके पति ने सिम्स में भर्ती किया है, जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार अमरिका बैगा पति टिकरा बैगा भेलपुरी के रांधेपुर गांव के रहने वाले है। मंगलवार की सुबह 7.30 बजे अमरिका बैगा रोज की तरह तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी, इस दौरान पैर फिसलते ही जमीन पर गिर गई जिससे उसके कमर में गंभीर चोट आई है। सुबह 11 बजे उसे सिम्स में भर्ती किया गया है, जिसका उसका इलाज चल रहा है।

### पारे में उछाल, गर्मी ने किया हलाकान



**बिलासपुर।** करीब 1 हफ्ते के बाद अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री पर जा पहुंचा, मौसम में परिवर्तन के बाद अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास ही बना हुआ था लेकिन मंगलवार की सुबह से निकली तेज धूप में तापमान में अच्छी खासी बढ़ोत्तरी कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार के लिए पूर्वानुमान जारी किया गया है, जिसमें 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की गई है।

### पार्षद प्रत्याशी के दावेदार कांग्रेस भवन में देंगे आवेदन

**बिलासपुर।** शहर के वार्ड नंबर 29 संजयनगर में पार्षद पद के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी चयन को लेकर उठापटक चल रही है। पार्टी की ओर से एक चयन समिति भी बनाई गई है। दूसरी ओर दावेदारी करने वाले लोग कांग्रेस भवन में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्षद प्रत्याशी के दावेदारों से आवेदन लेने व्यवस्था बनाई गई है और ब्लॉक अध्यक्ष तजम्मुल हक व मंडल अध्यक्ष अनिल पांडेय को कांग्रेस भवन में आवेदन लेने बिठाया गया है। ये दोनों 12 मई एवं 13 मई को शाम 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक कांग्रेस भवन में बैठकर दावेदारों से आवेदन लेंगे।

# खस्ताहाल निगम, 500 रुपए दी जाने वाली पेंशन के लिए भी फंड नहीं, 6 महीने से 32 हजार बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

नगर निगम की हालत खस्ताहल होती जा रही है। हाल यह है कि 500-1000 रुपए दी जाने वाली पेंशन राशि के लिए भी निगम के पास पैसे नहीं है। शासन से बजट नहीं होने का हवाला जरूर दिया जा रहा है लेकिन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली पेंशन राशि पिछले 6 महीनों से अटकी हुई है। इससे हजारों जरूरतमंदों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारी अपनी दवाइयों और राशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए पूरी तरह इस राशि पर निर्भर रहते हैं, लेकिन भुगतान न होने के कारण अब उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है।

जिले में कुल 32 हजार 52 हितग्राही है जिन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन मिलता है। जानकारी के मुताबिक निगम क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत इन्हें पेंशन मिलती है लेकिन पिछले 6 महीने से एक भी किश्त नहीं मिली है। पेंशनधारियों का कहना है कि इसी राशि से वे अपना इलाज कराते हैं और घर के छोटे-मोटे खर्च पूरे करते हैं। महीनों से पैसा नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई है।

### केंद्र और राज्य से फंड मिलने में देरी

निगम की नोडल अधिकारी रेणुका पिंगले ने बताया कि केंद्र और राज्य दोनों ही स्तरों से फंड जारी होने में देरी हो रही है। इसी तकनीकी कारण और बजट की कमी की वजह से वितरण बाधित हुआ है। दूसरी ओर हितग्राही नगर निगम के चक्कर लगाकर थक चुके हैं, जहां उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह स्थिति सिर्फ बिलासपुर ही नहीं प्रदेश भर के सभी जिलों और नगर निगमों की है। फंड की मांग के लिए कई बार पत्र भेजा जा चुका है। जल्द ही राशि मिलने की उम्मीद है जिसके बाद हितग्राहियों को आबंटित कर दी जाएगी।

### अपनी दवाइयों और राशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी उधार लेना पड़ रहा

■ यह स्थिति सिर्फ बिलासपुर ही नहीं प्रदेश भर के सभी जिलों और नगर निगमों की है




| योजना का नाम | | पेंशनधारी |
|---|---|---|
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (60 वर्ष) | - | 357 |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (80 वर्ष) | - | 5762 |
| इंदिरा गांधी विकलांग पेशन योजना | - | 91 |
| सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना | - | 6924 |
| सुखद सहारा पेंशन पेंशन योजना | - | 7682 |
| नवीन मुख्यमंत्री पेंशन योजना | - | 1577 |

### हर महीने 2 करोड़ की मिलती है राशि

निगम अधिकारियों के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली पेंशन राशि हर महीने करीब दो करोड़ रुपए की होती है। इसमें किसी योजना में 500 तो किसी में एक हजार मिलता है। एक दो योजनाओं में 650 रुपए की सहायता राशि भी जाती है। निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल ने कहा है कि फंड की कमी से शहर में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं। राज्य सरकार पेंशन तक नहीं दे पा रही है, ऐसे में हितग्राहियों को छोटी जरूरतों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

### केंद्र से नहीं मिल रहा है फंड

इनमें से कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनमें केंद्र से फंड नहीं मिल रहा है। वहीं कुछ योजनाओं का पैसा राज्य से नहीं आ रहा है। हमने पत्र भी लिखा है, जैसे ही निगम में फंड आएगा, पेंशनधारियों को उनकी राशि बांट दी जाएगी।

- **पूजा विधानी,** महापौर

# मंगला चौक से शिवघाट तक बनेगी अरपा किनारे वाली सड़क, 20 करोड़ मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा के दोनों किनारे इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक करीब 4 किलोमीटर फोरलेन रोड बनाने का काम 100 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पूरा नहीं हो पाया है। अब प्रोजेक्ट के रिवाइज इस्टीमेट के मुताबिक 50 करोड़ रुपए का बजट और मिला है। इसके साथ ही इस सड़क को नेहरू चौक से लेकर मंगला चौक तक और दूसरी तरफ अरपा पार शिवघाट तक बढ़ाया जाएगा।

इसे मंजूरी मिलते ही 20 करोड़ रुपए की राशि और स्वीकृत होकर निगम के खाते में पहुंच गई है। इससे अब यह सड़क एक तरफ मंगला चौक से शनिचरी बाजार तक और दूसरी तरफ शिवघाट से रपटा चौक तक बनेगी। अरपा पार रोड कटिंग शुरू भी कर दी गई और इसे महामाया चौक तक बन रही सड़क से जोड़ा जा रहा है।

गौरतलब है कि ठेके की शर्त के मुताबिक ठेकेदार को जारी वर्क ऑर्डर के मुताबिक मार्च 2023 तक नदी के दोनों ओर रोड और नाला निर्माण करना था, लेकिन तकरीबन पूरी राशि खर्च होने के बावजूद प्रोजेक्ट के रिवाइज इस्टीमेट के मुताबिक मांगी गई। निगम की सख्ती के बाद ठेकेदार गणपति इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने तिलकनगर के हिस्से को मुश्किल से पूरा किया है। इसे न्यू रिवर व्यू का नाम दिया गया है और यहां बड़ा गार्डन के साथ ही दूसरे सौंदर्यीकरण के काम किए जा रहे हैं।

### अरपा पार रोड कटिंग शुरू भी कर दी गई और इसे महामाया चौक तक बन रही सड़क से जोड़ा जा रहा



### 3400 मीटर में से 600 का काम जारी

लगातार शिकायतों के बाद नगर निगम ने ठेकेबाद पर सख्ती की तो सरकंडा की तरफ 600 मीटर के हिस्से में समतलीकरण और डामरीकरण का काम किया जा रहा है। इसके बाद बाकी 3400 मीटर रोड बनाने का काम पूरा करने की बात की जा रही है। मंगलवार को ठेकेदार द्वारा अरपा पार रोड कटिंग शुरू भी कर दी गई और इसे महामाया चौक तक बन रही सड़क से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए एक्सीवेटर लगाए गए थे और पुल की दीवार को तोड़ा गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए निगम स्टाफ मौके पर तैनात था।

### ड्राइंग, डिजाइन को लेकर शुरू से विवाद

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने 4 साल पहले 'अरपा उत्थान और तट संवर्धन' के नाम से नदी के दोनों किनारे रोड और नाला निर्माण की योजना बनाई थी। इसके लिए फंड बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराया गया। प्रोजेक्ट की ड्राइंग, डिजाइन को लेकर शुरू से ही विवाद की स्थिति रही। एक बार फिर सवाल उठाया जा रहा है कि फोरलेन रोड को टू लेन इंदिरा सेतु से जोड़ने पुल के बड़े हिस्से की रेलिंग काटी गई है पर लोग आशंका कर रहे हैं कि ट्रैफिक चालू होगा तो उसे नियंत्रित कैसे करेंगे। इंदिरा सेतू के पास कई बार जाम की स्थिति रही है। यही हाल सरकंडा पुल में भी होने की आशंका जताई जा रही है।

### मिल गई है राशि

अरपा के दोनों किनारे इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक करीब 4 किलोमीटर फोरलेन रोड बनाया जा रहा है। इस सड़क को नेहरू चौक से लेकर मंगला चौक तक और दूसरी तरफ अरपा पार शिवघाट तक बढ़ाया जाएगा। इसके लिए राशि मिल गई है। अरपा पार रोड कटिंग शुरू भी कर दी गई और इसे महामाया चौक तक बन रही सड़क से जोड़ा जा रहा है।

- **राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर

# रिटायरमेंट के 19 दिन पहले हटाए गए सिविल लाइन टीआई साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ करोड़ों की ठगी मामले में एक माह में अधूरा चालान पेश करने की शिकायत

रिटायरमेंट के 19 दिन पहले सिविल लाइन टीआई साहू पर कार्रवाई की गाज गिर गई है, उन्हें थाने से हटा दिया गया है। उनकी जगह पर किशोर केंवट को नए सिविल लाइन टीआई बनाया गया है।

12 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से सिविल लाइन टीआई सुम्मत राम साहू को हटा कर सरकण्डा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तबादला किया है। वहीं सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सिविल लाइन टीआई बनाया है। सरकण्डा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ टीआई अभय बैस को सिरगिट्टी बनाया गया है। ज्ञात हो कि टीआई साहू 30 मई को सेवा निवृत्त होने वाले है। ऐसे में 19 दिन पहले अचानक उन्हें थाने से हटा देने पर विभाग में जोरों से चर्चा है, जबकि दूसरे जिलों से आए टीआई साहू के सेवा निवृत्त होने पर सिविल लाइन थाने में पोस्टिंग कराने एड़ीचोटी कर रहे थे। एकाएक तबादला से कई थानेदारों के मेहनत पर पानी फिर गया है।

### अधूरा चालान पेश करने की शिकायत

सिविल लाइन थाने में इन दिनों एक हाईप्रोफाइल मामला चल रहा है। रिसोर्ट के नाम पर 3 करोड़ 15 लाख की ठगी के मामले में आरोपी बिल्डर रायपुर निवासी दीपेन्द्र पाढ़ी व कुसुमाकर राव भोसले जेल में बंद हैं। कोर्ट से दोनों की दो बार जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। सिविल लाइन टीआई साहू ने मामले की जांच पूर्ण हुए बिना महज एक माह में 11 मई को आरोपियों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश कर दिया है, जबकि नियमानुसार 60 से 90 दिन के भीतर चालान कोर्ट में पेश किया जाता है। पीड़ित विशाल चंदेल ने टीआई साहू के खिलाफ आरोपियों को जमानत पर लाभ दिलाने के लिए अधूरी जांच के दौरान चालान कोर्ट में पेश करने की आईजी, एसएसपी से शिकायत की है। श्री साहू के तबादले को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस के उच्च अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ प्रशासनिक फेरबदल है।

# बिजली बंद होने से परेशान तीन लोगों ने सो रहे बिजली आफिस के ड्राइवर को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिजली बंद होने से परेशान तीन युवक बिजली आफिस पहुंचे। आफिस में गाड़ी ड्राइवर को सोते हुए देखकर उनका गुस्सा फट पड़ा। तीनों ने ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोक नगर बिजली आफिस की गाड़ी चलाने वाले विशाल मिश्रा पिता कृष्ण नारायण मिश्रा 11 मई की रात की रात आफिस में लेटे हुए थे। रात 3.45 बजे कार क्रमांक सीजी 10 सीसी, 8848 में तीन युवक आफिस आए। उन्हें सोते देख उनका गुस्सा फूट पड़ा और तीनों ने उन्हें उठाकर बोले हमारे यहां बिजली नहीं है और तुम यहां आराम से सो रहे हो। लगातार फोन करने के बाद भी फोन रिसीव नहीं कर रहे हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर हमलावर कार सवार तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जर्जर तार और विद्युत सप्लाई को लेकर पहुंचे ग्रामीण

बार-बार बंद होती बिजली और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने को लेकर लोखंडी के ग्रामीणों ने नेहरू नगर जोन व डिवीजन कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारे लगाए और व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि 6 मई से लोखंड़ी गांव में बिजली की समस्या है। कई जगहों पर बिजली के तार टूट कर जमीन पर गिरे हैं, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी मरम्मत करने एवज में रूपए की मांग कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने की पुष्टि, मरीजों को मिलेगा लाभ

# अपोलो में होगा आयुष्मान से कैंसर का इलाज

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

■ सालों की मांग पर अब हो रहा है अमल

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जुझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास के बाद अपोलो अस्पताल में कैंसर का इलाज संभव हो सकेगा। इलाज पूरी तरह से आयुष्मान योजना के तहत किया जाना है। जिससे कैंसर के इलाज में होने वाला खर्च योजना के तहत ही स्वीकार किया जाएगा।

संभाग के सर्वसुविधायुक्त अपोलो अस्पताल में कैंसर के मरीजों का इलाज पूर्ण निशुल्क हो सकेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत जुड़ने के बाद अपोलो अस्पताल में कैंसर पीड़ितों का इलाज किया जाएगा। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। खास बात यह है कि संभाग में कैंसर रोगियों के लिए अपोलो अस्पताल वरदान साबित हो चुका है,गंभीर बीमारी का इलाज अस्पताल में संभव है और कई लोगों को बीमारी से निजात भी मिल चुकी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार द्वारा लगातार अपोलो प्रबंधन ने कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज को आयुष्मान से जोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा था, जनप्रतिनिधियों ने भी इसके लिए प्रबंधन से बातचीत की थी, जिसके बाद से करीब एक साल से निशुल्क इलाज प्रक्रियाधीन थी, अब जाकर अपोलो और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के तालमेल के बाद यह संभव हो सका है। आयुष्मान योजना के तहत स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और सवाईकल कैंसर का इलाज अपोलो में किया जा सकेगा।

### रेडियो थैरेपी की भी सुविधा

कैंसर के इलाज के लिए संभाग में सर्जरी और किमियो थैरेपी की सुविधा कई अन्य अस्पतालों में उपलब्ध है, लेकिन अपोलो अस्पताल में रेडियो थैरेपी के द्वारा भी इलाज किया जाता है। ऐसे में माना जा रहा है कि क्षेत्र के लोगों को रेडिया थैरेपी, सर्जरी और किमियो थैरेपी के द्वारा कैंसर का इलाज मिल सकेगा। इससे पहले रेडियो थैरेपी के लिए मरीजों को रायपुर और हैदराबाद, पुणे और बेंगलोर जैसे शहरों का चक्कर काटना पड़ता था, जिससे अब निजात मिल सकेगी।

### दी जा रही है इलाज की सुविधा

उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपोलो प्रबंधन के साथ आयुष्मान योजना अंतर्गत इलाज की सुविधा शुरू की गई है। जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिला है। योजना के अंतर्गत कैंसर पीड़ितों को त्वरित इलाज संभव हो सकेगा। क्षेत्र के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका फायदा जरूरतमंदों को मिल सकेगा।

- **डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, बिलासपुर

### आर्थिक परेशानी से होगा बचाव

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में परिजनों को लाखों रूपए फेंकने पड़ते है। साथ ही प्रदेश से बाहर जाकर इलाज कराने की मजबूरी में लोगों का समय और पैसा दोनों खर्च करना पड़ता है, वहीं परेशानी भी उठानी पड़ती है लेकिन संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में कैंसर का इलाज मिलने से लोगों को आर्थिक जोखिम का सामना नहीं करना पड़ेगा।




## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला पदाधिकारियों व मोर्चा अध्यक्षों की बैठक



**बिलासपुर।** भाजपा शहर के जिला पदाधिकारियों एवं मोर्चा के जिलाध्यक्षों की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। इस बैठक में संगठन को सुदृढ़ बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उस पर अमल करने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मंडल स्तर की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मंडल में निवासरत बूथ स्तर से लेकर मंडल व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। जिले में 25 एवं 26 मई को जिला स्तरीय प्रशिक्षण होगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, सोमेश तिवारी, प्रदीप कौशिक, गुलशन ऋषि, अजीत सिंह भोगल, संतोष कौशिक, अश्वनी शर्मा, पेंगन वर्मा, देवेन्द्र कौशिक आदि मौजूद थे।

### कुछ वार्ड व ग्राम पंचायतों को सुशासन तिहार शिविर से रखा गया मुक्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले जन समस्या निवारण शिविरों के संबंध में आंशिक संशोधन आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम बिलासपुर के जोन क्रमांक 4 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण 2 जून को एल-2 दुर्गा पंडाल के पास प्रस्तावित शिविर से मुक्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत उपचुनाव वाले क्षेत्रों में भी सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रस्तावित जन समस्या निवारण शिविरों में आंशिक संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार जिन ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू है, वहां प्रस्तावित शिविरों से इन ग्रामों को मुक्त किया गया है। इनमें गतोरा, रिस्दा, गिधपुरी-ओखर, करगीखुर्द, केवटाडीह (भू.) तथा कलारतराई,रानीसागर पंचायत क्षेत्र शामिल हैं।

### पालिटिक्स प्लस



**बिलासपुर।** अमितेश (मोंटी) मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मनाया रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया का जन्मदिन।

#### 36 मॉल के पास संकटमोचन वाटिका कॉलोनी का मामला

# गार्डन की आरक्षित भूमि पर कर लिया अवैध कब्जा, बना लिया रास्ता, कालोनीवासी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर में अवैध कब्जों और भू-उपयोग परिवर्तन को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं, लेकिन अब मामला सीधे एक आवासीय कॉलोनी की उस जमीन तक पहुंच गया है जिसे बच्चों, बुजुर्गों और सार्वजनिक उपयोग के लिए गार्डन के रूप में सुरक्षित रखा गया था।

मुंगेली रोड स्थित 36 मॉल के पास रामदेव मिल के बगल में विकसित संकटमोचन वाटिका कॉलोनी में रहवासियों ने गार्डन की आरक्षित भूमि पर कथित अवैध कब्जे और रास्ता निर्माण का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी के स्वीकृत लेआउट में जिस भूमि को गार्डन के लिए छोड़ा गया था, उसी हिस्से पर अब अवैध रूप से रास्ता बना दिया गया है। दावा किया गया है कि इस रास्ते का उपयोग आसपास विकसित हो रही दूसरी कॉलोनियों को जोड़ने के लिए किया जा रहा है। इसका सीधा असर संकटमोचन वाटिका की आंतरिक व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात पर पड़ रहा है। बाहरी वाहनों और लोगों की आवाजाही बढ़ने से रहवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने आवेदन के साथ आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि ग्राम मंगला स्थित खसरा नंबर 1532/3 और 1532/4 की लगभग 0.64 एकड़ भूमि पर 16 नवंबर 1999 को नगर निगम द्वारा लेआउट स्वीकृत किया गया था। उस स्वीकृति में गार्डन के लिए भूमि आरक्षित होना स्पष्ट रूप से दर्ज है। रहवासियों का कहना है कि आज तक इस लेआउट में किसी प्रकार का संशोधन नहीं हुआ है, ऐसे में गार्डन की जमीन को सड़क में बदलना पूरी तरह नियमों के विपरीत है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि जमीन गार्डन के लिए आरक्षित थी, तो आखिर उस पर रास्ता कैसे बना? क्या बिना अनुमति भू-उपयोग बदल दिया गया? और यदि ऐसा हुआ तो जिम्मेदार कौन है? यही वजह है कि अब कॉलोनीवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। रहवासियों ने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर 10 जनवरी 2025 को नगर निगम में शिकायत दी गई थी। उस दौरान गार्डन की जमीन बेचे जाने की चर्चाएं भी सामने आई थीं और जांच की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आरोप है कि प्रशासनिक सुस्ती और प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। वरिष्ठ पत्रकार रुद्र अवस्थी, डीपी पांडेय, आलोक अग्रवाल, श्रीपाल सिंह, ताराचंद चौबे, संतोष गुप्ता, विकास बिसेन सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि गार्डन की भूमि का सीमांकन कराया जाए, अतिक्रमण हटाया जाए और वहां सार्वजनिक गार्डन विकसित किया जाए। उनका कहना है कि जब शहरभर में सरकारी और सार्वजनिक जमीनों से कब्जे हटाने की कार्रवाई हो रही है, तो फिर उनकी कॉलोनी को क्यों छोड़ दिया गया है।



**मामले में प्रशासन चुप क्यों है?**

अब यह मामला केवल एक कॉलोनी के गार्डन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर रहा है कि क्या शहर में स्वीकृत लेआउट और सार्वजनिक उपयोग की जमीनें सुरक्षित हैं? यदि गार्डन की जमीन पर सड़क बनाई जा सकती है, तो आने वाले समय में बच्चों के खेलने के मैदान, पार्क और सार्वजनिक सुविधाएं कितनी सुरक्षित बचेंगी, यह चिंता अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन चुकी है।

## सूने मकान से जेवर व नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** मोपका क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। चोरों ने आलमारी से जेवर व नकद सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों को सुराग नहीं लगा पाई है।

मोपका पुलिस सहायता केंद्र के अनुसार, रामकृष्ण नगर कालोनी निवासी दीपक कुमार पिता स्व. झंझट प्रसाद 28 अप्रैल को सुबह 7 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ उत्तर प्रदेश चले गए थे। उन्होंने कालोनी के चौकीदार विनोद रात्रे को देखरेख करने कहा था। 9 मई की सुबह 8 बजे चौकीदार ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है। 10 मई की सुबह 8 बजे वे अपने घर आकर देखे तो टूटा हुआ ताला जमीन पर पड़ा था। पूरे घर में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी का सामान नीचे पड़ा था और उसमें रखे 4 तोला चांदी का पायल, दो तोला चांदी का सिंघोरा, 5 तोला करधन, 1 तोला चांदी का सिक्का व 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गया था। सूचना पर मोपका पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री दीपक कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### 10 दिन में 3 बड़ी वारदात

2 मई की सहायता केंद्र के करीब रात लड़की से बात करने के विवाद में मोपका निवासी अभिषेक यादव की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। 10 मई को चिल्हाटी शनि मंदिर नदी में पिकनिक मनाने के दौरान सिरगिट्टी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश सांवत साव ने गणेशनगर चुचुहियापारा निवासी हरीश महिलांगे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। उसके बाद अब चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है।

### नहीं खुला थाना

राज्य शासन की ओर से मोपका में नया पुलिस थाना खोलने की स्वीकृति हो गई है। पूर्व में पुलिस सहायता केंद्र में थाना खोलने की तैयारी हो गई थी। उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मोपका क्षेत्र शहर से जुड़े होने के कारण क्षेत्र में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। अपराधियों पर किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

## आंबा सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 1 जून तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पत्थरखान एवं कड़ार में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 रिक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक आवेदिका 18 मई से 1 जून तक ऑनलाइन aww.e-bharti.in वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकती हैं। आवेदन ऑफलाइन स्वीकार नहीं होगा। परियोजना अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा हर ब्लाक में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर आवेदन मंगाया जा रहा है।

## सीएमडी कॉलेज ने ट्यूबवेल निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



**बिलासपुर।** सीएमडी कॉलेज ने भीषण गर्मी को देखते हुए गोद ग्राम नेवसा में बोर ट्यूबवेल निर्माण कार्य का पहल कार्यक्रम आयोजित किया। सी.एम. दुबे महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम नेवसा में ग्रामीणों की सुविधा एवं जल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैगा मोहल्ला तथा एनएसएस गार्डन के लिए बोर ट्यूबवेल निर्माण कार्य का पहल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम के वरिष्ठ जन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भूमि पूजन से पूर्व ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे कर उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन किया गया। सीएमडी कालेज के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने गोद ग्राम नेवसा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि यह गांव विकास की असीम संभावनाओं से परिपूर्ण है तथा युवाओं की सहभागिता से इसे आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरपंच राजकुमार मरावी ने कहा कि यह पहल ग्रामीण विकास एवं जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने बताया कि एनएसएस गार्डन के लिए बोर ट्यूबवेल स्थापित होने से पौधों के संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ के के शुक्ला,रोहित लहरे, रामेश्वर पटेल, अभिषेक सिदार, केशव यादव,कौशल भानु, कन्हैया, गेंद लाल यादव, प्रेम मरावी, लोकेश ओंगर, उमेश यादव, देवेंद्र यादव, आर्यन आदि मौजूद थे।

## प्राचार्यों पर की गई कार्रवाई गलत प्राचार्य कल्याण संघ ने किया विरोध

**बिलासपुर।** प्राचार्य कल्याण संघ ने बोर्ड परीक्षा 10 वीं एवं 12वीं के आधार पर बालोद जिले में जिला प्रशासन द्वारा प्राचार्यों पर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई को गलत बताते हुए अन्य जिलों में भी ऐसी कार्रवाई की आशंका जताई है।

प्राचार्य कल्याण संघ के अध्यक्ष कामेश्वर बैरागी ने बताया कि प्राचार्य का पक्ष जाने बगैर जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई जो कि उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है का प्राचार्य कल्याण संघ विरोध करता है। प्रश्न उठता है कि विद्यालय के परीक्षा परिणाम के लिए केवल प्राचार्य जिम्मेदार है, जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा -निर्देश एवं नियंत्रण पर प्राचार्य कार्य करता है क्या उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। व्याख्याता जो अध्यापन कार्य कराता है उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। संघ ने बताया कि रिजल्ट सामूहिक प्रयास एवं बेहतर वातावरण से संभव है तो कार्रवाई केवल प्राचार्य पर क्यों ? प्राचार्य को अपना पक्ष रखने दिए बिना एवं परिस्थितियों का परीक्षण किए बगैर कार्रवाई न्यायोचित प्रतीत नहीं होती है। कुछ जिलों में परीक्षा परिणाम राज्य के औसत परिणाम से कम है। स्कूलों के प्राचार्य से इस संबंध में स्पष्टीकरण लिए लिया जाय उसका परीक्षण कर उचित कार्रवाई किया जाना चाहिए। केवल कार्रवाई किसी समस्या का समाधान नहीं है। श्री बैरागी ने कह कि बेहतर परिणाम के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए उसका समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाए और आशानुरूप प्रगति ना हो वहां आवश्यक मार्गदर्शन किया जाए। संसाधनों का समान वितरण हो, गैर शैक्षणिक कार्य पर थोड़ा नियंत्रण किया जाए। बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

# क्रिश्चियन प्रीमियर लीग फ़्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## के सफल आयोजन पर क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आभार व्यक्त







क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित क्रिश्चियन प्रीमियर लीग फ़्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 25/04/26 से तखतपुर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था जिसमे 32 टीमों ने भाग लिया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा , पेंड्रा, सरायपाली बसना, तिल्दा , लोरमी, जरहागॉव,धौराभाठा, बिलासपुर, बैतलपुर, भाटापारा, दल्ली राजहरा,जगदीशपुर, कॉसाबेल जशपुर और तखतपुर की टीमों ने हिस्सा लिया ।जिसमें चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा और सेंट पॉल कैथड्रल चर्च रायपुर के मध्य फ़ाइनल मुक़ाबला खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए कोरबा की टीम ने जीत के लिए 84 रनो का लक्ष्य दिया जिसे सेट पॉल कैथड्रल चर्च रायपुर की टीम ने तीन विकेट खोकर आठवें ओवर मे हासिल कर लिया और इस राज्य स्तरीय क्रिश्चियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के चैम्पियन बने । इस फ़ाइनल मैच के मैन आफ दी मैच सेट पॉल रायपुर चर्च के रिचर्ड रहे उन्हें तीन हज़ार नगद पुरस्कार राशि और ट्रॉफ़ी दी गई ।

**प्रथम पुरस्कार कप और 51000 की राशि सेंट पॉल कैथड्रल चर्च रायपुर**

द्वितीय पुरस्कार कप और 25000 की राशि चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा को प्रदान की गई । मैन आफ दी सीरीज़ पुरस्कार सेंट पॉल कैथड्रल चर्च रायपुर के खिलाड़ी शशॉक रहे उन्हें 5000 नगद और ट्रॉफ़ी दी गई । सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ मिशन हॉस्पिटल तिल्दा के अमित मसीह रहे साथ ही उन्हें टूर्नामेंट मे सर्वाधिक छक्के लगाने पर 1500 की राशि और ट्रॉफ़ी दी गई ।सर्वश्रेष्ठ बॉलर के रूप मे एडी बॉयज कॉसाबेल के खिलाड़ी अक्षर टोपपो चुने गये उन्हें 1500 की राशि और ट्रॉफ़ी दी गयी । बेस्ट कीपर के रूप में सेंट पॉल चर्च रायपुर के खिलाड़ी मनन प्रसन्नो को चुना गया 1500 की राशि और ट्रॉफ़ी दी गई बेस्ट कॉमेंट्रेटर के रूप में उमर क़ुरैशी जी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया स्कोरर के रूप में आकाश ठाकुर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया लाईव स्कोरिंग के लिए सार्थक दास, शिखर सामुएल को सम्मानित किया गया बेस्ट अंपायर के रूप मे अमित सुखनंदन,भोला ठाकुर, शशॉक सामुएल को सम्मानित किया गया ।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह जी रहे मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी तखतपुर के सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि खेल के माध्यम से इस एकता भाईचारे और प्रेम के संदेश के साथ समस्त मसीही समुदाय ने साम्प्रदायिक सद्भावना की मिसाल पेश की हैं और तखतपुर मे ऐसे राज्य स्तरीय आयोजन से तखतपुर की गरिमा को बढ़ाया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पूजा मक्कड़ ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष विशाल सिंह उपस्थित रहे ।जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंबिका साहू, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष बंसी पॉडे, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री गुलजीत खुराना ,पार्षद इस्लाम अंसारी, पार्षद अंकित अग्रवाल, पार्षद कैलाश देवॉगन, तखतपुर मंडल महामंत्री प्रीतम कश्यप,युवा मोर्चा राज्य कार्यकारिणी सदस्य आयुष ठाकुर,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष धनंजय क्षत्रिय, पार्षद और एल्डरमैन राज अभिषेक पांडेय,वरिष्ठ पत्रकार नवभारत ब्रिजपाल हूरा, संजू मक्कड़, पार्षद लवली हूरा,हरविंदर हूरा, निरंजन क्षत्रिय,महिला मोर्चा अध्यक्ष तखतपुर लता कश्यप,वरिष्ठ महिला मोर्चा कार्यकर्ता श्यामा रामानंदी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवॉगन, पार्षद सुनील जॉगडे, पार्षद चंद्र प्रकाश देवॉगन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास ,नरेन्द्र रात्रे , जितेंद्र राज,जाकिर हुसैन जायसी,नजरूदिन जिंदरान,पार्षद जसप्रीत हूरा, रमन हूरा,लव पांडे,लक्ष्मी पॉडे,उमर क़ुरैशी,विनोद तोलानी जितेंद्र सिंह हूरा आदि मंच पर उपस्थित रहे। मसीही समाज की ओर से डॉ संदीप चरण,नीलम राजकुमार,डॉ डी लॉज,डॉ ज्योति लॉज,सनत मसीह,एच दास,संजय लूथर ,एस पी सामुएल, पुष्पराज साधू, अपेत मसीह,लॉरेंस राज, आशीष बहादुर,रितेश गॉटलिब,मीनाक्षी लाल,मधुरिमा लाल संजीत सुखनंदन,राजन सुखनंदन,अमितेश, अमिनेश स्वप्निल ऋषि, एंजल ऋषि,पी भारती बेनेट, मीना नथानिएल,लविना लूथर,मंजू जॉन,अलका मसीह,सिथिया रानी,आराधना मसीह,शंभू बाला, संजना मसीह, अभिमिता सागर,ममता पन्ना,शैलजा दास,प्रिती दास,सोमना मसीह, श्वेता जॉन,शीबा लाल,रंजना मसीह, चंद्रा जॉन,अर्चना दास,केसनी सिंह, दीप्ति मसीह,मोना नायक, डॉ गरिमा रॉय, स्तुति रॉय,प्रतिमा रॉय आदि मौजूद रहे ।

टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अनिकेत दास,क्षितिज राज,अभिषेक मोनू मसीह,मोजेक मसीह,संदीप मसीह,सार्थक दास,समीर दास,रोशन किसपोटटा,गोमेद दास,रितुराज बंसल हर्ष,गोल्डी,साकिन दास,अमरजीत पन्ना,अभिषेक मसीह,शालोम सिंह,शिखर सामुएल,शशॉक सामुएल, सारॉश सामुएल,प्रियॉश बेनेट,जोसेफ विल्सन,रोमी सिंह,छोटा सिंह,मनीष प्रसाद आशीष प्रसाद,सागर मसीह,कृष्णा , शैलेश घोष,शैलेंद्र मसीह,मुकेश मसीह,संजय मसीह,मिकी मसीह,छोटू,रूपेश,किरण, संकेत सेमुएल, रायपुर टीम कैप्टन आदि का सहयोग रहा । क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष समित सामुएल उपाध्यक्ष नित्यारथना रॉय सचिव ऑवेश जॉन कोषाध्यक्ष अमित स्कॉट सदस्य संकेत सामुएल,ऑशीष पॉल, नीरज मसीह,अजय लूथर,संजीत नथानिएल,विवेक मसीह,तथा समिति के सम्मानित पासवान पा. नवीन मसीह पा आशीष दान,पा सामुएल दास,पा हारून मसीह पा अरूण सिंह पा अमित सुखनंदन ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

भारतीय गण राष्ट्र के मुख्य चार स्तंभ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई माने जाते हैं परंतु इन चारों मे क्रिश्चियन समुदाय अलग थलग नजर आता है इसका कारण आपसी एकता के साथ सामाजिक प्रस्तुतिकरण है जब भी मसीही समुदाय अपनी सामाजिक एकता प्रदर्शित करने के लिए किसी धार्मिक आयोजन की कोशिश करता है तो साम्प्रदायिक विषमता के साथ सामाजिक विकटता सामने आ जाती है इस कारण मसीही समाज अपने एकता भाईचारे और प्रेम के संदेश को अन्य समुदायों के बीच बॉट नहीं पा रहा है इसलिए हमारी क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी ने अन्य समुदायों के साथ एकता भाईचारे और आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित करने के अपने उद्देश्य के लिए खेल का मंच चुना और राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन तखतपुर मे किया जिसमें हर मैच मे हर समुदाय के तखतपुर के सम्मानित नागरिको को सम्मान सहित आमंत्रित किया इस अवसर पर सभी समुदाय के वरिष्ठ नागरिक , नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खिलाड़ी हमारे मंच पर उपस्थित होकर इस आयोजन के उद्देश्य को सराहा और मसीही समाज खेल के माध्यम सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित कर अपने एकता, भाईचारे और प्रेम के संदेश को अन्य समुदायों के साथ आयोजन करने मे सफल रहा ।



रायपुर टीम कैप्टन को ट्राफी प्रदान करते हुए अतिथिगण।



खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संकेत सेमुएल ।



तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत करते हुए।



स्वपनिल ऋषि और ऐंजल फ्लोरा ऋषि के द्वारा टूर्नामेंट के इलेक्ट्रिक मीडिया प्रिंट मीडिया , रेडियो लाइव शो पर प्रसारण और प्रचार व्यवस्था की गई

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 13 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यशाला

## प्रतिभागियों ने सीखी अभिनय की बारीकियां, किया अभ्यास



**बिलासपुर।** अग्रज नाट्य दल बिलासपुर द्वारा आयोजित 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन प्रतिभागियों को अभिनय, वॉइस थ्रो, वॉइस मॉड्यूलेशन तथा चरित्र निर्माण की महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने बताया कि किसी भी पात्र को मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए केवल संवाद बोलना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि आवाज़, भाव, शारीरिक हाव-भाव और मंचीय उपस्थिति का संतुलन भी आवश्यक होता है। वहीं प्रतिभागियों को वॉइस थ्रो एवं वॉइस मॉड्यूलेशन के माध्यम से आवाज़ में उतार-चढ़ाव, भावनात्मक अभिव्यक्ति और संवाद अदायगी की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया गया। साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी भी चरित्र या पात्र को मंच पर जीवंत बनाने के लिए कलाकारों को उसके स्वभाव, मनोभाव और परिस्थिति को आत्मसात करना पड़ता है। प्रशिक्षकों ने ऑब्जरवेशन, मूवमेंट और अभिव्यक्ति का विशेष अभ्यास कराया।

# सिम्सः नर्सिंग सेवा चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़

**नर्सेज दिवस पर सम्मान**

प्रतिवर्ष 12 मई को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में भी नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिम्स परिवार के अधिकारी, चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप, एएनएस स्वाति कुमार, उज्ज्वला दास, सरिता सिस्टर सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम की शुरुआत में नर्सिंग सेवा की प्रेरणास्त्रोत फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सभी नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मोमबत्ती जलाकर सेवा, समर्पण और मानवता की रक्षा की शपथ ग्रहण की। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि नर्सिंग सेवा चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ है। नर्सें मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहती हैं और उनका त्याग, धैर्य एवं सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने उनके कार्यों की सराहना की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि किसी भी अस्पताल की सफलता में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नर्सेज को



अस्पताल की "रीढ़" बताते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल और उपचार प्रक्रिया में उनका योगदान अतुलनीय है।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने भी नर्सिंग स्टाफ के समर्पण और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मरीजों के प्रति उनकी संवेदनशीलता ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाती है।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें डांस, गीत-संगीत एवं रैंप वॉक जैसे आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में राजकुमारी सिस्टर, पिंकी दास, पुष्पलता शर्मा, नेहा विकास उड़ान, पल्लवी, दीपिका यादव, संदीप कौर सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का मंच संचालन नेहा विकास उड़ान द्वारा किया गया। यह आयोजन प्रतिवर्ष नर्सेज आयोजन समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें नर्सिंग स्टाफ की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके योगदान को सम्मानित किया जाता है।

आयोजन

## संगीत के माध्यम से मातृ शक्ति को याद कर बहनों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** इंदिरा प्रियदर्शनीय सेवा समिति बिलासपुर ने मां तुझे सलाम कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें गीत-संगीत के माध्यम से मातृ शक्ति को याद कर 70 माताओं, बहनों को साड़ी व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि मां शब्द को परिभाषित नहीं किया जा सकता। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, शिवा मुदलियार, रंजीत खनूजा, डॉ तरुण तिवारी, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष पिंकी बतरा, हमीदा, मार्गेट बेंजामिन ने मातृ दिवस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विजय दुबे, डायरेक्टर दीपक मिश्रा, सदस्य राजेंद्र सोनी, नवीन चंद, आदर्श विश्वकर्मा, आकाश दुबे सहित आकांक्षा म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों की सहभागिता रही।

# शहर के कलाकारों ने मालवा महोत्सव में किया गेड़ी नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस दौरान अनिल गढ़ेवाल द्वारा गाए गीत-काट ले हरिहर बांसे.. में इंदौर वासी झूम उठे। वहीं बिना ताल टूटे एक ही जगह पर घूम-घूम कर मोहन डोंगरे ने मांदल का वादन किया। मुख्य मांदल वादक संजय रात्रे ने पारंपरिक मांदल वादन कर दर्शकों को चकित कर दिया। महेश नवरंग की बांसुरी के स्वर लहरियों में इंदौर वासी झूम उठे। सौखी लाल सूर्यवंशी द्वारा गाए गीत, नृत्य को हारमोनियम में स्वर दिया गया। सह वादक के रूप में रामनाथ उत्तम ने अपनी भूमिका निभाई।

दर्शक आश्चर्यचकित तब हुए जब मुख्य गेड़ी नर्तक चेतन कुर्रे तथा लक्ष्मी नारायण माण्डले की गेड़ी में खड़े रहने के बावजूद शुभम भार्गव ने उनके कंधों पर खड़े होकर गेड़ी को हवा में लहराया। फूलचंद ओगरे ने एक गेड़ी उठाकर डांस किया। सह गेड़ी नर्तक के रूप में मनोज माण्डले, खेलन दास ओगरे, अजय चेलकर, योगेश, संजय ओगरे ने अपनी भूमिका निभाई। गेड़ी नृत्य प्रदर्शन के उपरांत केंद्रीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अनिल गढ़ेवाल का सम्मान किया।

**मांदल व बांसुरी वादन ने मोहा मन**

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 25 वां मालवा महोत्सव इंदौर में संपन्न हुआ। इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ की गेड़ी लोक नृत्य दल ने पारंपरिक वेशभूषा, गीत, वाद्य यंत्र के साथ अनिल कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में गेड़ी नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।







धर्म-क्षेत्र

## धन गुरु दरबार में सुखमणि साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थहिरिया सिंह साहब सिंधी कॉलोनी में डॉ सोनम अक्षय को पुत्र रत्न प्राप्ति की खुशी में दरबार साहिब के सेवादार डॉ हेमंत कलवानी एवं कलवानी परिवार ने श्री सुखमणि साहिब का पाठ कराया। रात्रि में पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ व भोग, फिर शबद कीर्तन कर अरदास की गई। उपरांत प्रभु का गुरु का लंगर बरताया गया। कल्याण महाराष्ट्र से आए भाई मनोहर सिंग ने गुरु नाम का जाप कराया और सत्संग में आने के फायदे बताए। उन्होंने एक कहानी का उल्लेख करते हुए कहा कि संत भी वही सच्चे होते हैं, जो दिल से सत्संग करते हैं और लोगों के दिल तक तार जोड़ते हैं। जब दिल से दिल का तार जुड़ जाए तो समझ लेना सत्संग दिल में उतर गया है। जब भी सत्संग में जाए तो दिल को सत्संग में लगाए और दिमाग को घर में छोड़कर आए। आखिर में सुखमणि पाठ साहब को भोग लगा कर अरदास की गई।

# छत्तीसगढ़ की माटी से मेरा संबंध अनूठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्लोक ध्वनि फाउंडेशन के तत्वावधान में वरिष्ठ शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं पूर्व कुलपति आचार्य प्रो. ए.डी.एन. वाजपेयी का विदाई एवं सम्मान समारोह सोमवार को प्रार्थना भवन में आयोजित किया गया। इसमें साहित्यकारों, शिक्षाविदों, प्राध्यापकों एवं नागरिकों ने उनका सम्मान किया।

समारोह में आचार्य वाजपेयी ने अपनी रचनाओं का पाठ कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि "जहां अध्यापन प्रारंभ हुआ, वहीं कुलपति हो जाना उपन्यासों और कहानियों में ही संभव लगता है, लेकिन मेरे जीवन में यह एक सजीव सत्य रहा। छत्तीसगढ़ की माटी से मेरा संबंध पुराना और अनूठा है, मैं इसका सदैव कृतज्ञ रहूंगा। उन्होंने अपने पुराने दिनों को स्मरण




एयू के पूर्व कुलपति एडीएन वाजपेयी का विदाई समारोह

करते हुए कहा कि प्रशासनिक और साहित्यिक दोनों मोर्चों पर उनका प्रयास सदैव राष्ट्रहित में स्वयं को समर्पित करने का रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ ललित प्रकाश पटेरिया कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने कहा कि आचार्य वाजपेयी का कार्यकाल अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ वीरेंद्र कुमार सारस्वत कुलपति पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने कहा कि श्री वाजपेयी के लिए 'विदाई' केवल एक औपचारिक शब्द है। विशिष्ट अतिथि संजय दुबे संचालक सीएमडी कॉलेज ने कहा कि आचार्य वाजपेयी के कार्यकाल में पूरे क्षेत्र में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्मित हुआ। कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी पेंड्रा डॉ रामेश्वर शर्मा ने समारोह को अविस्मरणीय क्षण बताया।

# वर्कशॉप में सिखाई गई कथक की बारीकियां

## खेल के माध्यम से समझाया गया वॉइस माड्यूलेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री कला मंजरी कथक संस्थान और अरपा रेडियो के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के शिष्यों के लिए संस्था के सरकंडा और विद्यानगर स्थित केंद्र में एक वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें अरपा रेडियो की आरजे मातृका और अलंकृता ने बच्चों को कई मनोरंजक खेल के माध्यम से वॉइस माड्यूलेशन को समझाया। कथक की बारीकियां भी सिखाई गई।

कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप का लाभ छात्रों को मिलेगा। साथ ही आवाज में उतार-चढ़ाव की कला से कथक और भी मजबूत होगी। कथक में ताल की मजबूती और पढ़त का विशेष महत्व



है। इस वजह से इस वर्कशॉप से बच्चों की कला प्रतिभा का विकास होगा। अरपा रेडियो की ओर से सभी से छोटी-छोटी वीडियो क्लिप मंगवाई गई है। जिससे नन्हें आरजे का सलेक्शन किया जाएगा। अरपा रेडियो की संस्थापक संज्ञा टंडन ने बताया कि बच्चों के लिए सामाजिक सरोकार के तहत अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें बच्चे अपनी सहभागिता निभाकर आवाज का जादू बिखेरेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिष्य एवं अभिभावक उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

**बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का रंगारंग समापन**

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर किया खेलों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर में आयोजित 10 दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर खेलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें ताइक्वांडो, नृत्य, नाटक, गीत शामिल रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में सेवाकेन्द्र की निर्देशिका बीके छाया दीदी, ताइक्वांडो कोच गणेश सागर, डांस टीचर शानू भट्ट, निधि खोमेश मंडावी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद शिवानी, गुंजन, शमिष्ठा, भावना, शिवम, प्रतीक, अनुज, सक्षम, श्रेष्ठ, अभिरूप और अनिकेत ने ताइक्वांडो और सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। रिद्धि ने श्रीरामचंद्र स्तुति और आरना





ने मदर्स डे पर सुंदर स्पीच दिया। एलिना और श्रेष्ठ ने समर कैंप का अनुभव साझा किया। श्री ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। शिवानी, मधु, प्रिया, महक, स्वाति ने वन्देमातरम् गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। अनिका, आस्था, निष्ठा, रोली, आरुष, संज्ञा, धनिष्का, श्रीयसी, एलिना, आरना, खुशी ने नृत्य पेश किया। कार्यक्रम का संचालन बीके छाया दीदी ने किया। बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें कुर्सी दौड़ में पहला शिवम, दूसरा अनुज और तीसरा स्थान एलिना, बैलून दौड़ में वर्षा, आर्या ने क्रमशः पहला, दूसरा, बिस्किट दौड़ में राघव, अदिति ने पहला और दूसरा, चम्मच दौड़ में प्रियल, गरिमा, प्रज्ञा ने पहला, दूसरा, तीसरा और जोड़ी दौड़ में रोली, भावना, श्रेष्ठ, प्रतीक ने पहला, दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी बच्चों को अतिथि ने उपहार देकर सम्मानित किया।

**राजयोग भवन में मनाया गया पुण्य स्मृति दिवस**

# जगदीश भाई ने ईश्वरीय ज्ञान को वैश्विक स्तर पर दिलाई पहचान

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में संस्थान के महान चिंतक एवं वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार जगदीश भाई का 25वां पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया।



सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने जगदीश भाई के तपस्वी जीवन और मानवता के प्रति उनके महान योगदान को याद करते हुए कहा कि भ्राता जगदीश संस्थान के उन आधार स्तंभों में से एक थे, जिन्होंने अपने लेखन और वाणी के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने सैकड़ों पुस्तकों की रचना की, जो आज भी साधकों के लिए मार्गदर्शन का स्त्रोत है। उन्होंने अपना सर्वस्व जीवन लोक कल्याण और मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया था। वे आध्यात्मिक साहित्य के शिखर पुरुष थे। उनका अनुशासन और समय की पाबंदी हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जगदीश भाई ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी लेखनी को रुकने नहीं दिया और जटिल आध्यात्मिक रहस्यों को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाया। संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने जगदीश भाई को उनकी तीव्र बुद्धि और दिव्य दृष्टि के कारण 'गणेश' और 'संजय' की उपाधि दी थी। मुल्तान में जन्मे जगदीश भाई लौकिक जीवन में एक प्रोफेसर थे, लेकिन आध्यात्मिक प्यास उन्हें 1950 के दशक में ब्रह्माकुमारीज़ की ओर ले आई। अंत में दीदी ने सभी को उनके द्वारा रचित साहित्य को पढ़ने और उसे जीवन में उतारने का आह्वान किया।

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# कार्यपालन अभियंता
मनियारी सिंचाई संभाग, मुंगेली

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
मुंगेली

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# एल.पी. डाहिरे
जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# लोक निर्माण विभाग
मुंगेली



**डॉ. रामकुमार साहू**
पूर्व जनपद सदस्य
महामंत्री- जिला साहू संघ मुंगेली



**निरंजन साहू**
पूर्व जनपद सदस्य
परिक्षेत्रीय अध्यक्ष- साहू समाज संगवाकांपा मुंगेली

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# छत्तीसगढ़ ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क अभिकरण मुंगेली

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मुंगेली

## आवश्यकता है

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में आचार्य/आचार्या की आवश्यकता है पूर्व प्राथमिक / प्राथमिक / पूर्वमाध्यमिक / हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के अध्यापन हेतु :-

| क्र. | विभाग | विषय | पद | योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक | संपूर्ण विषय | 4 | हायर सेकेण्डरी द्वितीय श्रेणी से / डी.एड / डी.एल.एड | 5000 से 6000 |
| 2 | पूर्व माध्यमिक | विज्ञान, अंग्रेजी, गणित | 5 | स्नातक एवं बी. एड / डी.एड / डी.एल.एड | 6000 से 7000 |
| 3 | हाई स्कूल | अंग्रेजी | 1 | स्नातकोत्तर एवं बी. एड/डी.एड | 7000 से 8000 |
| 4 | हायर सेकेण्डरी | अंग्रेजी, जीव विज्ञान | 2 | स्नातकोत्तर एवं बी. एड/डी.एड | 9000 से 10000 |
| 5 | भृत्य | पुरूष | 1 | आठवी उत्तीर्ण | 4000 |
| 6 | चौकीदार | पुरूष | 1 | निवास की व्यवस्था | उपस्थित होकर चर्चा करके |
| 7 | खेल शिक्षक | पुरूष | 1 | बी.पी.एड. / एम.पी.एड. | 6000 से 7000 |

**अनुभवी को प्राथमिकता:** टीप :- 1. दिनांक 05/05/2026 से 20/05/2026 तक विद्यालय से फार्म प्राप्त कर, उसे भर कर समस्त योग्यतओं के परिणाम की छायाप्रति लगाकर विद्यालय में जमा करें। 2. दिनांक 24/05/2026 दिन रविवार को मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार हेतु प्रात: 8:30 बजे विद्यालय में उपस्थित होना है। 3. जानकारी हेतु दूरभाष नंबर 9893431207, 96307440101, 9754561434, 9098587777, 9691701065 में संपर्क करें। 4. वेतनमान योग्यतानुसार देय होगा।




हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं



**मान. श्री तोखन साहू जी**
सांसद बिलासपुर लोकसभा
केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार



**मान. श्री अरूण साव जी**
विधायक लोरमी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन



**मान. पुन्नूलाल मोहले जी**
विधायक मुंगेली




**मान. धरमलाल कौशिक जी**
विधायक बिल्हा


विनीत:- भारतीय जनता पार्टी, जिला परिवार मुंगेली (छ.ग.)

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# Hotel SINGH Int.
hsi



**ROOMS | HALLS | LAWN | RESTAURENT**







विवाह आयोजन। बर्डडे पार्टी। आउटडोर कैटरिंग सुविधा उपलब्ध। एनवर्सरी एवं किटी पार्टी के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध। भव्य पार्टी लॉन। एसी रूम। बेसमेंट पार्किंग। जनरेटर सुविधा। भव्य बेंक्वेट हॉटल

✆ 9109573500, 6232550510

# SINGH Sales
**PUMP | PIPE | SANITARY**





**अमरजीत सिंह सलूजा** मो. 88788-82588
**इंद्रजीत सिंह सलूजा** मो. 99815-56935

Lubi PUMPS • MOTORS
RC BENTEX Engineering Simplified
THE BOLD LOOK OF KOHLER



**मनजोत सिंह सलूजा** **नवजोत सिंह सलूजा**

रामेश्वर साहू ✆ 75094-19127

इंटरसिटी प्लाजा, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मुंगेली (छ.ग.)


नेतृत्व की पहचान है, जनसेवा जिनकी शान है।
हर दिल में जिनका सम्मान है।।
लोकप्रिय सरल, सहज, मिलनसार तखतपुर जनपद अध्यक्ष
डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. माधवी वस्त्रकार
अध्यक्ष-जनपद पंचायत तखतपुर
नैनलाल साहू
मंडल अध्यक्ष
संकलनकर्ता
राजू सिंह ठाकुर
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

खबर संक्षेप

## अलग-अलग घटनाओं में दो पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में मामूली विवाद में दो लोगों पर चाकू हमला कर दिया गया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शेख समीर बक्स पिता शेख कलीम बक्स 11 मई की रात 10.40 बजे मसीह टेंट हाउस के पास थे। इसी दौरान बापूनगर निवासी प्रियांशु बक्सेल, मनीष बाइक से आए और उनसे बातचीत करने के बाद अपने साथ चलने कहा। मना करने पर दोनों युवक उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उनके दाहिने पैर में हमला कर भाग गए। दूसरी घटना में सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नकुल यादव पिता संतोष यादव 11 मई को दोपहर 2 बजे अमरैया चौक से बुआ के घर सूर्या चौक जा रहे थे। लक्ष्मी चौक के पास शनि , नवीन ठाकुर उनसे पैसा मांगने लगे। मना करने पर दोनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से गर्दन के पीछे हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

## आरक्षक की मौत मामले में सीसीटीवी फुटेज जब्त

**बिलासपुर।** इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में पुलिस ने हास्पिटल से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व इलाज करने वाले डाक्टरों की सूची जब्त कर ली है। बिसरा को जांच के लिए लैब भेजने की तैयारी चल रही है। सरकण्डा थाने आरक्षक सत्या पाटले की पथरी की इलाज के दौरान मौत के मामले में जांच के लिए पृथक से 7 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व पांच सदस्यी टीम का गठन किया था। उसी दिन टीम के द्वारा नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल का निरीक्षण कर सभी कैमरे की फुटेज उपलब्ध कराने प्रबंधन को नोटिस दिया था। हास्पिटल प्रबंधन की ओर से सभी जगहों की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व आरक्षक की इलाज करने वाले डाक्टरों की सूची पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है। टीम के द्वारा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है। वहीं आरक्षक की बिसरा जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजने की तैयारी चल रही है। ज्ञात हो कि आरक्षक पाटले को किडनी में पथरी की शिकायत थी।10 दिनों तक उनका श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज चला। इलाज के दौरान 1 मई की शाम 6 बजकर 12 मिनट में उनकी मृत्यु हो गई थी।

## दो ट्रांसपोर्टरों में जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गाड़ी में गलत नम्बर लगाने को लेकर दो ट्रांसपोर्टरों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, जांजी बंगलाभाठा निवासी ट्रांसपोर्टर अमन यादव पिता राकेश यादव ने रिपोर्ट लिखाई। 10 मई को रात 1.30 बजे उनके सुपरवाइजर यशवंत साहू से राखड़ निकालने गाड़ी में गलत नम्बर लगाते हो कहकर आशीष सोनी, सोम गुप्ता व अन्य लोगों ने ग्राम पंधी आर्यन पेट्रोल पंप केम्पस में जमकर मारपीट की। सूचना पर श्री यादव ने मौके पर जाकर बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर धक्का देकर गिरा दिया गया। दूसरे पक्ष से मटियारी निवासी ट्रांसपोर्टर आशीष सोनी ने आरोप लगाया है वे एनटीपीसी के वेट मशीन के पास बैठकर पर्ची काट रहे थे, तब अमन यादव, विनय यादव, शिव यादव व अन्य लोग आए और पुराने विवाद को लेकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ हरिभूमि ने सामाजिक सरोकार में निभाई अग्रणी भूमिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंचल के प्रमुख समाचार पत्र हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को होटल इंटरसिटी में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेस अभिकर्ता व विज्ञापन एजेंसियों के संचालक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने संस्थान को शुभकामनाएं दी। इस खास मौके पर सभी ने हरिभूमि की सफल यात्रा, निष्पक्ष पत्रकारिता एवं सामाजिक सरोकारों को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

प्रेस अभिकर्ताओं ने कहा कि हरिभूमि ने बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में विश्वसनीय समाचारों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। अखबार ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए समाज के हर वर्ग की आवाज बनने का कार्य किया है। विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी हरिभूमि के साथ अपने लंबे जुड़ाव को साझा करते हुए कहा कि संस्थान ने व्यावसायिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मजबूत




विश्वास कायम किया है। कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि की 25 वर्षों की उपलब्धियों को याद किया गया और संस्थान की आगे की योजनाओं पर चर्चा भी हुई। रणधीर राय ने कहा की हरिभूमि पत्रकारिता के साथ-साथ समाजिक सरोकार में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। बेहद प्रसन्नता का विषय है कि हरिभूमि अखबार 25 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस लंबी अवधि में हरिभूमि अखबार ने अपनी निष्पक्ष निर्भीक खबरों से एवं विशिष्ट लेखन शैली से पाठकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है।

भरत यादव ने कहा कि कि देश और समाज के लिए सामाजिक सरोकार की पत्रकारिता का होना आवश्यक होता है। पवन सोनी ने कहा कि बिलासपुर की खबरों में हरिभूमि ने अलग छाप पाठकों के बीच छोड़ी है,इससे विश्वास जुड़ा ही है, इसके साथ पत्रकारिता का भी मान बढ़ाया है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रणधीर राय,पवन सोनी, भरत यादव, शिव तिवारी, कोमल पुरी गोस्वामी, खोरबहरा देवांगन, रामकुमार यादव,परदेशी यादव, विवेक मौर्य,प्रहला कौरी,राजेश साहू, भरत क्षत्री, महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, उपमहाप्रबंधक मनीष त्रिपाठी,अरूण ज्योतिषी, बालकृष्ण सोनी,राकेश मानिकपुरी, शैलेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

#### पाठकों के बीच अलग मुकाम

प्रयास एड एजेंसी के डायरेक्टर विनोद- ममता पांडेय ने कहा की हरिभूमि अखबार समाजिक सरोकार में अग्रणी रहा है। इस अखबार ने पत्रकारिता के साथ सामाजिक सरोकार में भी अहम भूमिका निभाई है।

#### चौथे स्तंभ की निभाई भूमिका

जेजे एडवरटाइर्जस की डायरेक्टर जुही जैन ने कहा कि देश और समाज के हित में पत्रकारिता को निरंतर प्रोत्साहित करें और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। उन्हें विश्वास है कि हरिभूमि समाचार पत्र जन-जन की आवाज आवाज बनेगा।

#### जन-जन की बने आवाज

सिध्दी विनायक एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर मोहन होनप ने कहा कि 25वें वर्ष पूर्ण करने की बधाई दी। इन्होंने कहा कि जनता की आवाज बनकर यह अखबार जन-जन के बीच सदैव इसी तरह पहुंचते रहे। ऐसी कामना है कि स्वर्ण जयंती मनाए।

#### जागरूकता की खबरें प्रमुख

शिवम एड एजेंसी के डायरेक्टर शंकर रॉव ने कहा कि देश के विकास की बात करें या सामाजिक सरोकार की, हरिभूमि समाचार पत्र ने अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करते हुए सजगता व जागरुकता की खबरों को समाचार पत्र में प्रमुखता से स्थान दिया है।

#### पाठकों का विश्वास जीता

अमित पब्लिसिटी के डायरेक्टर भुवन वर्मा ने कहा कि हरिभूमि ने हमेशा समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर पाठकों का विश्वास जीता है। 25 वर्षों की यह यात्रा संस्थान की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

#### निष्पक्षता की मिसाल

विप्रा एड एजेंसी के डायरेक्टर सुदेश दुबे ने कहा कि हरिभूमि ने पत्रकारिता में विश्वसनीयता और निष्पक्षता की नई मिसाल कायम की है। आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी तरह आगे बढ़ता रहे। संस्था इसी तरह समाजहित में कार्य करती रहे, यही शुभकामनाएं।

#### हरिभूमि के लिए गौरव का क्षण

रौनक पब्लिकसिटी के डायरेक्टर हरीश अग्रवाल ने कहा कि हरिभूमि सिर्फ समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। 25 वर्ष पूरे करना गौरव की बात है।

#### अखबार जनभावनाओं से जुड़ा

रिध्दी-सिध्दी एड एजेंसी के डायरेक्टर योगेश वर्मा ने कहा कि हरिभूमि ने हर वर्ग के लोगों की समस्याओं और उपलब्धियों को मंच प्रदान किया है। यह अखबार जनभावनाओं से जुड़ा हुआ माध्यम है।

#### खबरों से बनी पहचान

इंटर पब्लिकेशन एजेंसी के डायरेक्टर रमणीक ने कहा कि हरिभूमि ने अपने कार्यों से बिलासपुर सहित पूरे क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई है। संस्थान का भविष्य और अधिक उज्ज्वल हो, यही शुभकामना है।

#### निरंतर प्रगति का प्रतीक

श्यामनानी एड एजेंसी के डायरेक्टर राजेश श्यामनानी ने कहा कि हरिभूमि ने समाचारों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता से पाठकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। 25 वर्षों की उपलब्धि प्रेरणादायक है। हरिभूमि का सफर संघर्ष, समर्पण और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। संस्थान आगे भी नई उंचाइयों को प्राप्त करे।

### निगम की एमआईसी में जमकर हंगामा, महापौर ने उपायुक्त को जमकर फटकारा

# रिश्तेदारी है तो स्वच्छता पेट्रोलिंग को अपने घर में रखें, किससे पूछ कर नियुक्ति की, हटाओ सभी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की एमआईसी की बैठक में जमकर हंगामा हुआ और लगभग सभी अधिकारी महापौर श्रीमती पूजा विधानी के टारगेट पर रहे।खास तौर पर उपायुक्त व जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप को जमकर फटकार लगाई गई। महापौर ने चर्चित स्वच्छता पेट्रोलिंग के स्टाफ को विवाद के बाद फिर वापस रखने और गोकुल धाम में डेयरी की जगह सर्विसिंग सेंटर खुलने के मामले में हड़काया। तो लोककर्म विभाग के चेयरमेन बन्धु मौर्य ने बिना जानकारी के निर्माण कार्य पर इंजीनियरों की क्लास ली। बैठक में मोपका चौक के चर्चित काम्प्लेक्स का मुद्दे पर भी बहस हुई।

निगम के दृष्टि सभा कक्ष में मंगलवार को बैठक शुरू होते ही महापौर पूजा विधानी ने उपायुक्त और जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप से जवाब तलब किया कि आपने वसूली कांड के बाद भी चर्चित स्वछत्ता पेट्रोलिंग के कर्मचारियों को कैसे और किसके आदेश पर वापस रख लिया। आप कौन होते है इन्हें क्लीनचिट देने वाले, क्या यह आपके रिश्तेदार है। साथ ही महापौर ने चर्चित वसूलिकाण्ड में आरोपी स्टाफ को तत्काल हटाकर कुत्ता पकड़ने के अभियान में लगाने और स्वछत्ता पेट्रोलिंग में दूसरे और बेहतर स्टाफ रखने हिदायत दी। वहीं गोकुल नगर को लेकर भी महापौर ने अधिकारियों की क्लास ली। यहां हितग्राहियों के लिए डेयरी खोलने दी गई जमीन पर सर्विसिंग सेंटर खोल दिया गया है।महापौर ने पूछा कि डेयरी के नाम पर दुकानें कैसे चल रही है। महापौर चेतावनी दी कि यह सब नई चलेगा अपना हिसाब किताब ठीक करिए मनमानी नही चलेगी। इसी दौरान एक महिला एमआईसी सदस्य ने भी जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप पर जनप्रतिनिधियों से अच्छा व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें आवारा मवेशियों को लेकर फोन किया था तो उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी गई और मोबाइल बन्द कर दिया गया।




### सीवरेज के लिए ठेकेदार को चौथी बार एक्सटेंशन

बैठक में भूमिगत सीवरेज परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सफाई कर्मियों की आपूर्ति, प्लेसमेंट कर्मचारियों की समयावृद्धि और स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए भूमि आवंटन समेत कुल 7 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में भूमिगत सीवरेज परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेस प्रा.लि. अहमदाबाद को चौथी बार समयावृद्धि देने का प्रस्ताव रखा गया। मई 2026 से सितंबर 2026 तक 4 माह की अवधि के लिए लगभग 9.58 लाख रुपए अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति प्रस्तावित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत पंप हाउस, मिट्टी टीला, तालापारा, मिनीमाता, अमेरी और परसदा क्षेत्र में किफायती आवास निर्माण से जुड़े प्रस्तावों की जानकारी दी गई।

### रिकार्ड तैयार रखने कहा

महापौर ने गोकुल नगर का सर्वे कराकर बकाया और अब तक वसूल की गई राशि का रिकॉर्ड तैयार रखने की बात कही। साथ ही सरकंडा नूतन चौक के व्यवसायिक परिसर को लेकर भी जवाब तलब किया गया कि अभी तक कितनी दुकानें आबंटित की जा चुकि हैं और कितनी बाकी है। वही एमआईसी सदस्य तिलकराम साहू ने मोपका चौक के चर्चित व्यवसायिक काम्प्लेक्स का मामला उठाया जिसे निगम प्रशासन ने खाली कराकर अपने आधिपत्य में लेना लिखवाया है। इसके साथ ही 60 सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की आपूर्ति के लिए जनवरी 2026 तक अतिरिक्त समयावृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। इस पर लगभग 8.85 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

### स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए 5 एकड़ जमीन

बैठक में इसके साथ ही स्वामी आत्मानन्द कॉलेज के लिए कलेक्टर से 5 एकड़ जमीन की मांग पर चर्चा की गई। एमआईसी में ग्राम घुरू स्थित निगम की भूमि में से 5 एकड़ जमीन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय को भवन, छात्रावास और खेल मैदान निर्माण के लिए आवंटित करने संबंधी अनापत्ति प्रस्ताव भी रखा गया। इसके बदले निगम को समतुल्य भूमि देने की शर्त रखी गई है। बैठक के अंत में एमआईसी की कार्यवाही की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। फिलहाल यह कालेज पुराने हाईकोर्ट परिसर में संचालित हो रहा है।

### दो भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज

# व्यापार में डबल पैसा कमाने का झांसा देकर 3 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार में डबल पैसा कमाने का झांसा देकर शहर के व्यापारियों से 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो भाइयों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, विनोबा नगर निवासी व्यापारी विनय कुमार गुप्ता पिता नंदलाल गुप्ता 63 साल से वर्ष 2024 में अशोक डिडवानी, उसके भाई रोहित डिडवानी ने उनसे मुलाकात की। दोनों ने श्री गुप्ता को मनिहारी के व्यापारी में डबल पैसा कमाने का झांसा दिया गया। मोटी रकम कमाने के लालच में आकर पैसा लगाने लगे। शुरूआत में दोनों भाई उन्हें डबल राशि देने लगे। उसके बाद उन्हें अधिक रकम लगाने पर अधिक लाभ होने का लालच दिया गया। श्री गुप्ता उनके झांसे में आकर अलग अलग किश्तों में दोनों भाइयों को 3 करोड़ रुपए दे दिए। उसके बाद उन्हें मुनाफा की राशि नहीं मिल रही थी। मुनाफा की राशि मांगने पर दोनों भाई कई तरह के बहानेबाजी कर घुमाने लगे। श्री गुप्ता ने उनसे अपना मूलधन 3 करोड़ रुपए लौटाने के लिए कहा तो दोनों भाई मुकर गए। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर दोनों भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# प्लेटफार्म उन्नयन कार्य से ट्रेन परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खोंरधा रोड मंडल के पुरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 15 से 30 मई तक इस मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के पहिए थमने के अलावा कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित भी किया जाएगा।

ईस्ट कोस्ट रेलवे खोरधा रोड मंडल अंतर्गत पुरी रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म उन्नयन कार्य करने के कारण दूसरे जोन के साथ एसईसीआर से चलने वाली गाड़ियां भी प्रभावित होगी। 19 व 26 मई को 12146 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से शुरु होकर पुरी से मालतीपाटपुर स्टेशन के बीच रद्द रहेगी। 17, 24 मई को 12145 लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन पर समाप्त करने बाद मालतीपाटपुर से पुरी के बीच, 15, 22, 29 मई को 12993



गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त की जाएगी। वहीं मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त और शुरु होने वाली गाड़ियों में 20 व 27 मई को 22973 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस, 23 व 30 मई को 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस, 21 च 28 मई को 22909 वलसाड़-पुरी एक्सप्रेस, 17 व 26 मई को 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस, 21 व 28 मई को 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस, 20 व 27 मई को 20472 पुरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस, 17 व 24 मई को 20471 श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन समाप्त करने के बाद मालतीपाटपुर से पुरी के बीच रद्द की जाएगी।

# एक्स-रे के लिए पैसे की मांग, पीड़ित ने की शिकायत

- सिम्स के रेडियोलॉजी विभाग का मामला
- कर्मचारी पर लगे गंभीर आरोप

**बिलासपुर।** सिम्स में इलाज कराने पहुंचे पीड़ित व परिजन से एक्सरे के लिए रूपए मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत अस्पताल अधीक्षक से की है, जिसके बाद से मामला गरमा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मरीज अमन कश्यप को पेशाब की नली में इंफेक्शन की परेशानी है, इसके लिए डाक्टरों ने उसे एक्सरे करने की सलाह दी। जिसके बाद मरीज अपने भाई अमर कश्यप के साथ 12 मई की सुबह 10.30



बजे सिम्स पहुंचा और रेडियोलॉजी विभाग के एक्सरे रूम गया, जहां पर्ची कटाकर अपनी बारी का इंतजार करने के लिए कह दिया गया, लेकिन जब बारी आई तो उसे कल आने को कहा गया। जिसके बाद मरीज और कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गई। वहीं मामले पीड़ितों का आरोप है कि कर्मचारी ने 600 रूपए की मांग की जिसके बाद विवाद हो गया है। रेडियोलॉजी विभाग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि जिस परेशान के साथ मरीज एक्सरे जांच के लिए पहुंचा था, उसमें आधा घंटे का समय लगता है, उसे 13 मई के सुबह की डेट दी गई थी, ताकि जांच पूरा किया जा सके।

दरअसल मरीज को कैथेटर, टयूब और दवा की जरूरत पड़ती है, जिसके कारण उसे जांच के दौरान नग्न भी होना पड़ता है, प्रक्रिया जटिल होने के कारण समय भी अधिक लगता है लेकिन मरीज व परिजन जबरिया जांच के लिए आमादा थे, जिससे विवाद की स्थिति बनी है। इस मामले में अस्पताल अधीक्षक ने जांच का आश्वासन दिया है।

### मामले की जांच की जाएगी

मरीज के परिजन आए थे, उनकी शिकायत है कि जांच के नाम पर रूपए मांगे गए हैं लेकिन इसकी जांच की जाएगी, विभागीय जांच में अगर इसकी पुष्टि होगी तो कर्मचारी पर कार्रवाई तय की जाएगी।

**-डा.लखन सिंह**
अस्पताल अधीक्षक, सिम्स

## सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सट्टा खिलाते एक सटोरिए को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। खाईवाल पर कार्रवाई नहीं की गई है।

सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली तिफरा बजार चौक में एक युवक सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते रामनारायण तिवारी पिता स्व. रामसाय तिवारी 64 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 1950 रुपए नकद व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# ट्रांसपोर्टर की दुकान में मिला नकली मसाला

- खाद्य विभाग का छापा
- 50 हजार रुपए का माल सील

**बिलासपुर।** शहर में बड़ी मात्रा में नकली खादय सामग्री बेची जा रही है, इसकी भनक विभाग को भी है। यही कारण है कि हर हफ्ते नकली खाद्य सामाग्री जब्त की जा रही है। ताजा मामला व्यापार विहार में सामने आया है। जहां एवरेस्ट ब्रांड के नकली मसाला पाया गया है। जिसके बाद विभाग ने माल को जब्त कर लिया है, वहीं कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर इसकी पुष्टि करने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य अधिकारियों को सूचना मिली थी कि व्यापार विहार स्थित मारूति गुड्स गैरजे में नकली मसाला लाया गया है। सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की और इस दौरान 9 बाक्स जब्त कर लिया गया है। पूरा माले की कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है। खास बात यह है कि जिस जगह पर नकली मसाला मिला है वह ट्रांसपोर्ट दुकान है, ऐसे में आशंका व्यक्त कि जा रही है कि यहां से व्यापार विहार के नामी दुकानों में नकली मसाला पहुंचाया जाना था जिसे टीम ने पकड़ लिया है, एक हफ्ते पहले भी ट्रांसपोर्टर्स से नकली मसाला जब्त किया था। ऐसे में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि ब्रांडेड मसालों की नकली माल व पैकेजिंग कर बेचा जा रहा है, जिसमें मिलावट भी की जा रही है। अब खाद्य अधिकारी पुलिस और आरटीओ द्वारा ऐसे ट्रांसपोटर्स पर कार्रवाई की बात कह रहे है।




### कंपनी से जानकारी मंगाई गई

नकली मसाला पकड़ा गया है, एवरेस्ट कंपनी से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है, प्रारंभिक जांच में नकली की पुष्टि की गई है। कंपनी द्वारा इस विषय में सबूत देने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**-आर आर देवांगन,** अभिहित अधिकारी

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

